Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to connect NH-3 and NH-8.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में अपना विषय रखने का मौका दिया ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में अपने लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण विषय रखने जा रही हूँ ।

महोदय, आज हमारा देश माननीय मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को हर क्षेत्र में प्राप्त कर रहा है । भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग का जाल बुना हुआ है, जो देश के लगभग हर बड़े शहरों को जोड़ता है । ये हाइवेज़ न सिर्फ बड़े शहरों को, बल्कि देश की लंबाई-चौड़ाई को भी जोड़ते हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ । एन.एच-8 को अंकलेश्वर से नर्मदा, केवड़िया के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, तनखला, कवाट के साथ मध्य प्रदेश के तपोला, अलीराजपुर, कुक्षी, सैंधवा, मनावर, धरमपुरी तक को यदि एन.एच.-3 जुलवनिया तक जोड़ दिया जाए तो गुजरात, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी । साथ ही यह ज्ञात हो कि केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण होने के कारण केवड़िया में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पूरे विश्व से घूमने के लिए आते हैं । इनके लिए भी सुविधा हो जाएगी ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से निवेदन है कि एन.एच.-8 से एन.एच.-3 तक जोड़ने की कृपा की जाए ।